**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## उत्तराखण्ड राज्यपाल करेंगे पंतनगर किसान मेले का उद्घाटन

पंतनगर। 11 अक्टूबर 2023। विश्वविद्यालय में 13 अक्टूबर 2023 से कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित किए जा रहें 114वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन गांधी हाल मैदान में अपराह्न 2:00 बजे मुख्य अतिथि माननीय राज्यपाल उत्तराखण्ड, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह द्वारा फीता काट कर किया जायेगा तत्पश्चात मेले में लगी उद्यान प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे। इसके बाद कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जे.पी. जायसवाल मेले में लगाये गये विभिन्न महाविद्यालयों एवं अन्य संस्थाओं के स्टालों का अतिथियों को भ्रमण करायेंगे। मेले का उद्घाटन समारोह गांधी हाल में आयोजित होगा, जिसमें मेला प्रांगण का भ्रमण करने के बाद ले.ज. गुरमीत सिंह तथा अन्य अतिथि किसानों एवं उपस्थितजनों को सम्बोधित करेंगे।

निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जे.पी. जायसवाल ने आज मेला प्रांगण का भ्रमण कर मेले की तैयारी का अवलोकन किया। मेले में आने वाली फर्मों के स्टालों का लगना जारी है। मेले में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय के वाह्य शोध केन्द्रों एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त विभिन्न फर्मों द्वारा अपने–अपने उत्पादों एवं तकनीकों का प्रदर्शन किया जायेगा। नावार्ड के सहयोग से श्रीअन्न (मोटे अनाज) पर एक विशेष प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है। मेले में आयी विभिन्न फर्मो द्वारा ट्रैक्टर, कम्बाइन हार्वेस्टर, पावर ट्रिलर, पावर वीडर, प्लान्टर मशीन, सब–स्वायलर, सिंचाई यंत्रों एवं अन्य आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन कर उनके बारे में जानकारी दी जायेगी। इस मेले में विश्वविद्यालय द्वारा उत्पादित रबी की विभिन्न फसलों यथा गेहूं, दलहनी, तिलहनी आदि के बीजों की बिक्री की जाएगी। साथ ही विभिन्न शोध केन्द्रों द्वारा उत्पादित सब्जियों, फूलों, औषधीय व संगध पौधों, फलों इत्यादि के पौधों व बीजों की बिक्री भी की जाएगी। विभिन्न कृषि निवेश जैसे–खाद, उर्वरक, बीज, पशु आहार, पशुचिकित्सा, कीट एवं रोग के नियंत्रण हेतु रासायनिक एवं जैविक उत्पाद, नर्सरी उत्पाद इत्यादि से सम्बन्धित फर्मों द्वारा भी अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री की जायेगी। इस मेले में भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत किसानों को विश्वविद्यालय के विभिन्न शोध केन्द्रों का भ्रमण भी कराया जायेगा।

**निदेशक संचार**